# यदि मैं भारत का प्रधानमंत्री होता

## If I Were the Prime Minister of India

---

भारत एक गणतंत्र राष्ट्र है। यहां हर कोई अपने मौलिक अधिकारों से जीता है। हर किसी के पास जीवन में ऊँचा उठने के बराबर मौके होते हैं। कोई भी भारत का प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बनना चाहेगा। किंतु वह व्यक्ति इस पद के लायक भी होना चाहिए। भारत का प्रधानमंत्री बनना मेरे लिए दिन में सपने लेने जैसा है। पर यदि मैं कभी भारत का प्रधानमंत्री बन जाऊँ तो मैं कई काम करना चाहूंगा।

सबसे पहले तो मैं भ्रष्टाचार को खत्म करने का प्रयास करूंगा। भ्रष्टाचार आज हर तरफ फैला हुआ है। एक छोटे चपड़ासी से लेकर ऊँचे-ऊँचे पदों पर बैठे व्यक्ति भी भ्रष्ट हैं। बिना रिश्वत दिए किसी भी जगह काम करवाना संभव नहीं है। मैं भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानून बनाता। दोषियों को सीधा जेल भिजवाता। उनकी सारी जायदाद जब्त करवा देता। ईमानदार तथा कर्त्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को ईनाम दिलवाता।

मैं बढ़ रहे दामों को रोकने की कोशिश करता। गरीब लोगों के लिए इस महंगाई में गजारा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। दामों को संभालने के लिए मैं उत्पादन में वृद्धि का प्रयास करता। मैं कम कीमत वाली दुकानें खुलवाता। काली कमाई करने वालों को सख्त सजा दी जाती।

मैं बेरोज़गारी को दूर करने का पूरा प्रयास करता। मैं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करवाता। मैं नए-नए उद्योगों का निर्माण करवाता। मैं देश के डिफैंस को और मज़बूत करवाता। मैं शिक्षा को मुफ्त तथा परिमाण देने वाली बनाता। मैं दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को मिटाने के लिए कड़ी मेहनत करता। इस प्रकार मैं भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का प्रयास करता।